LATEST

# NEWS

# Election

## Date : 06th Feb. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा निर्वाचन आयोग

## 25 वर्षों से अधिक अंतराल के बाद हो रहा है राष्ट्रीय एसईसी सम्मेलन

**खबरों की दुनिया**

**धौलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) दिनांक 24 फरवरी, 2026 को राज्य निर्वाचन आयुक्तों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों के इस सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। यह सम्मेलन भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय एसईसी सम्मेलन 25 वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व ऐसा सम्मेलन वर्ष 1999 में आयोजित हुआ था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे तथा उद्घाटन सत्र में राज्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी विशेषज्ञों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे और अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्गत सभी 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपने-अपने कानूनी ढांचे के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रियाओं एवं लॉजिस्टिक्स से संबंधित विषयों पर भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोगों के कार्यों में समन्वय एवं तालमेल स्थापित करना है। प्रतिभागी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता पात्रता से संबंधित निर्वाचन कानूनों, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित तकनीकी हस्तक्षेपों जैसे हाल ही में प्रारंभ किए गए ईसीआईनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म, ईवीएम आदि विषयों पर चर्चा सत्रों में भाग लेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग, भारत के संविधान एवं देश के विधिक ढांचे के अनुसार मतदाता सूचियों के निर्माण एवं निर्वाचन संचालन के अपने अनुभवों के आधार पर अपनी विशेषज्ञता भी साझा करेगा। राज्य निर्वाचन आयोगों की स्थापना राज्यों के संबंधित कानूनों के अंतर्गत 73 वें एवं 74 वें संविधान संशोधनों की सक्षम प्रावधानों के अनुसार की गई है। राज्य निर्वाचन आयोगों को पंचायतों एवं नगर निकायों के सभी चुनावों के लिए मतदाता सूचियों की तैयारी तथा चुनावों के संचालन, निर्देशन एवं नियंत्रण का दायित्व सौंपा गया है।

# एस.एन. कॉलेज ऑफ साइंस धौलपुर में 'निर्वाचन साक्षरता महोत्सव' का हुआ आयोजन





**खबरों की दुनिया**

धौलपुर। एस.एन. कॉलेज ऑफ साइंस में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' (ELC) के तत्वावधान में 'निर्वाचन साक्षरता महोत्सव' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. पी. अवस्थी ने की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीबीईओ महेश कुमार शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. संजय शर्मा एवं बृजेश त्यागी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था ईएलसी प्रभारी प्रमोद झा द्वारा कुशलतापूर्वक देखी गई।

**लघु नाटक के माध्यम से दिया संदेश**

महोत्सव के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने निर्वाचन प्रक्रिया और मतदान के महत्व पर आधारित एक शानदार लघु नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के जरिए विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए निष्पक्ष मतदान का संदेश दिया, जिसे उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा।

9 मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही लोकतंत्र का असली आधार है। उन्होंने शिक्षा और निर्वाचन साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारत निर्वाचन आयोग के संकल्प 'No Voter to be Left Behind'(कोई भी मतदाता पीछे न छूटे) को दोहराया और सभी युवाओं से मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. एस. पी. अवस्थी ने अपने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी की समझ विकसित होती है। महोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं को ईवीएम (EVM) और मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने की सामूहिक शपथ ली।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय (स्वीप) सदस्य शिव पूजन शर्मा, रिचा शर्मा, गजाधर सिंह, चित्रा श्रीवास्तव, हुकुम सिंह, अभिषेक बसेल, सूरज तोमर, भरत शर्मा, राहिमीन अली, भगवती, सूरज शर्मा, आमिर, अर्पिता त्रिवेदी, अनूप शर्मा, गौरव शर्मा, चेतन शर्मा, मधुवन सिंह, मनीष श्रीवास्तव, गौरव गोयल सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन विनोद परिहार द्वारा किया गया।

# राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा निर्वाचन आयोग

## 25 वर्षों से अधिक अंतराल के बाद हो रहा है राष्ट्रीय एसईसी सम्मेलन

आदित्य एक्सप्रेस न्यूज

**धौलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) दिनांक 24 फरवरी, 2026 को राज्य निर्वाचन आयुक्तों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों के इस सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। यह सम्मेलन भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय एसईसी सम्मेलन 25 वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व ऐसा सम्मेलन वर्ष 1999 में आयोजित हुआ था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे तथा उद्घाटन सत्र में राज्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी विशेषज्ञों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे और अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्गत सभी 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपने-अपने कानूनी ढांचे के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रियाओं एवं लॉजिस्टिक्स से संबंधित विषयों पर भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोगों के कार्यों में समन्वय एवं तालमेल स्थापित करना है। प्रतिभागी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता पात्रता से संबंधित निर्वाचन कानूनों, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित तकनीकी हस्तक्षेपों जैसे हाल ही में प्रारंभ किए गए ईसीआईनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म, ईवीएम आदि विषयों पर चर्चा सत्रों में भाग लेंगे। भारत निर्वाचन आयोग, भारत के संविधान एवं देश के विधिक ढांचे के अनुसार मतदाता सूचियों के निर्माण एवं निर्वाचन संचालन के अपने अनुभवों के आधार पर अपनी विशेषज्ञता भी साझा करेगा। राज्य निर्वाचन आयोगों की स्थापना राज्यों के संबंधित कानूनों के अंतर्गत 73वें एवं 74वें संविधान संशोधनों की सक्षम प्रावधानों के अनुसार की गई है। राज्य निर्वाचन आयोगों को पंचायतों एवं नगर निकायों के सभी चुनावों के लिए मतदाता सूचियों की तैयारी तथा चुनावों के संचालन, निर्देशन एवं नियंत्रण का दायित्व सौंपा गया है।

# राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा निर्वाचन आयोग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) दिनांक 24 फरवरी, 2026 को राज्य निर्वाचन आयुक्तों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों के इस सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। यह सम्मेलन भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय एसईसी सम्मेलन 25 वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व ऐसा सम्मेलन वर्ष 1999 में आयोजित हुआ था।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे तथा उद्घाटन सत्र में राज्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित करेंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी विशेषज्ञों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे और अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्गत सभी 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपने-अपने कानूनी ढांचे के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रियाओं एवं लॉजिस्टिक्स से संबंधित विषयों पर भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोगों के कार्यों में समन्वय एवं तालमेल स्थापित करना है।

प्रतिभागी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता पात्रता से संबंधित निर्वाचन कानूनों, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित तकनीकी हस्तक्षेपों जैसे हाल ही में प्रारंभ किए गए ईसीआईनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म, ईवीएम आदि विषयों पर चर्चा सत्रों में भाग लेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग, भारत के संविधान एवं देश के विधिक ढांचे के अनुसार मतदाता सूचियों के निर्माण एवं निर्वाचन संचालन के अपने अनुभवों के आधार पर अपनी विशेषज्ञता भी साझा करेगा।

राज्य निर्वाचन आयोगों की स्थापना राज्यों के संबंधित कानूनों के अंतर्गत 73वें एवं 74वें संविधान संशोधनों की सक्षम प्रावधानों के अनुसार की गई है। राज्य निर्वाचन आयोगों को पंचायतों एवं नगर निकायों के सभी चुनावों के लिए मतदाता सूचियों की तैयारी तथा चुनावों के संचालन, निर्देशन एवं नियंत्रण का दायित्व सौंपा गया है।

# एस.एन. कॉलेज ऑफ साइंस, धौलपुर में निर्वाचन साक्षरता महोत्सव' का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** स्थानीय एस.एन. कॉलेज ऑफ साइंस में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' के तत्वावधान में 'निर्वाचन साक्षरता महोत्सव' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. पी. अवस्थी ने की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल उपस्थित रहे। साथ ही, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीबीईओ महेश कुमार शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. संजय शर्मा एवं बृजेश त्यागी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर भावभीना स्वागत किया और संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था ईएलसी प्रभारी प्रमोद झा द्वारा कुशलतापूर्वक देखी गई।

**लघु नाटक के माध्यम से दिया संदेश:**

महोत्सव के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने निर्वाचन प्रक्रिया और मतदान के महत्व पर आधारित एक शानदार लघु नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के जरिए विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए निष्पक्ष मतदान का संदेश दिया, जिसे उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा।

मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही लोकतंत्र का असली आधार है। उन्होंने शिक्षा और निर्वाचन साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारत निर्वाचन आयोग के संकल्प 'No Voter to be Left Behind' (कोई भी मतदाता पीछे न छूटे) को दोहराया और सभी युवाओं से मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. एस. पी. अवस्थी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी की समझ विकसित होती है। महोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं को ईवीएम और मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने की सामूहिक शपथ ली।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय (स्वीप) सदस्य श्री शिव पूजन शर्मा, रिचा शर्मा, गजाधर सिंह, चित्रा श्रीवास्तव, हुकुम सिंह, अभिषेक बसेल, सूरज तोमर, भरत शर्मा, राहिमीन अली, भगवती, सूरज शर्मा, आमिर, अर्पिता त्रिवेदी, अनूप शर्मा, गौरव शर्मा, चेतन शर्मा, मधुवन सिंह, मनीष श्रीवास्तव, गौरव गोयल सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मंच संचालन विनोद परिहार द्वारा किया गया।

# राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा निर्वाचन आयोग

## 25 वर्षों से अधिक अंतराल के बाद हो रहा है राष्ट्रीय एसईसी सम्मेलन

निजी संवाददाता धौलपुर, 5 फरवरी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) दिनांक 24 फरवरी, 2026 को राज्य निर्वाचन आयुक्तों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों के इस सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। यह सम्मेलन भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय एसईसी सम्मेलन 25 वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व ऐसा सम्मेलन वर्ष 1999 में आयोजित हुआ था।मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे तथा उद्घाटन सत्र में राज्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित करेंगे।राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी विशेषज्ञों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे और अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्गत सभी 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे।इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपने–अपने कानूनी ढांचे के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रियाओं एवं लॉजिस्टिक्स से संबंधित विषयों पर भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोगों के कार्यों में समन्वय एवं तालमेल स्थापित करना है।

प्रतिभागी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता पात्रता से संबंधित निर्वाचन कानूनों, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित तकनीकी हस्तक्षेपों जैसे हाल ही में प्रारंभ किए गए ईसीआईनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म, ईवीएम आदि विषयों पर चर्चा सत्रों में भाग लेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग, भारत के संविधान एवं देश के विधिक ढांचे के अनुसार मतदाता सूचियों के निर्माण एवं निर्वाचन संचालन के अपने अनुभवों के आधार पर अपनी विशेषज्ञता भी साझा करेगा।

राज्य निर्वाचन आयोगों की स्थापना राज्यों के संबंधित कानूनों के अंतर्गत 73वें एवं 74वें संविधान संशोधनों की सक्षम प्रावधानों के अनुसार की गई है। राज्य निर्वाचन आयोगों को पंचायतों एवं नगर निकायों के सभी चुनावों के लिए मतदाता सूचियों की तैयारी तथा चुनावों के संचालन, निर्देशन एवं नियंत्रण का दायित्व सौंपा गया है।

दैनिक भास्कर 06.02.2026

### रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी चूरू आए, बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# निर्वाचन आयोग के रोल पर्यवेक्षक ने एसआईआर को लेकर फीडबैक लिया, बूथों पर मतदाताओं से भी मिले

भास्कर संवाददाता | चूरू



चूरू. पार्टियों के पदाधिकारियों से एसआईआर के बारे में फीडबैक लेते निर्वाचन आयोग के रोल पर्यवेक्षक।

भारत निर्वाचन आयोग के रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने एसआईआर के बारे में जानकारी हासिल की तथा एसआईआर 2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों को लेकर बैठक ली।

उन्होंने कहा कि एसआईआर 2026 के दौरान नियमानुसार कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए।

निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने रोल पर्यवेक्षक को एसआईआर के तहत दावे व आपत्तियों और उनके निस्तारण, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों सहित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सेनी, तारानगर ईआरओ राजेंद्र कुमार, चूरू ईआरओ सुनील कुमार, रतनगढ़ ईआरओ मिथिलेश, सुजानगढ़ ईआरओ ओमप्रकाश वर्मा, सरदारशहर ईआरओ रामकुमार वर्मा, सादुलपुर ईआरओ मनोज खेमादा, एईआरओ अशोक गोरा सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रोल पर्यवेक्षक ने चूरू शहर में बूथ 158 व 159 का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। बूथ पर पंजीकृत मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने बूथ पर मौजूद बीएलओ से एसआईआर के दौरान मतदाताओं से संपर्क, गणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण, जारी नोटिस तथा निस्तारण, मतदाताओं को आवश्यक फॉर्म आदि के बारे जागरूकता गतिविधियों को लेकर जानकारी ली। बूथ पर मौजूद मतदाताओं से संवाद करते हुए रोल पर्यवेक्षक ने कहा कि बूथ पर पात्र मतदाता वोटर लिस्ट ने एक ही जगह नाम रखें। इस दौरान असलम खोखर, रमजान खान, नारायण बेनीवाल, नंदकिशोर मोजासिया, संजय भाटी, नोमान खान सहित उपस्थित मतदाताओं ने एसआईआर में की गई गतिविधियों में उनकी भागीदारी के बारे में जानकारी दी। मतदाताओं ने व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक दिया।

## बैठक में पंचायत व निकाय चुनाव पर चर्चा की

**सादुलपुर** | राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की बैठक बस स्टैंड के पास हुई, जिसमें आगामी पंचायत व पालिका चुनाव को लेकर चर्चा कर रणनीति बनाई गई। तहसील अध्यक्ष अनूप पूनिया ने कहा कि पार्टी आगामी पंचायत चुनाव में प्रत्येक वार्ड व प्रत्येक ब्लॉक से चुनाव लड़ेगी। पार्टी की प्राथमिकता साफ सुथरी छवि व ईमानदार लोगों को चुनावी मैदान में उतारने की रहेगी, जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर मोहनलाल झाड़सर, सतवीर खेमाना, समुंद्र ददरेवा, धर्मवीर महला, किलका डोकवा, मंडिया डोकवा, राजेश भामासी, राजेंद्र भगेला, कर्ण सिंह फौजी, शीशराम भामी, मुकेश दुगल, सूरजभान रड़वा आदि उपस्थित थे।

# रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी चूरू आए, एसआईआर-2026 को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

जनमानस शेखावाटी न्यूज़



**चूरू/मोहम्मद अली पठानः** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) - 2026 को लेकर रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट (आपणी योजना) सभागार में एसआईआर- 2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर तैयारियों को लेकर बैठक ली और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर- 2026 के दौरान नियमानुसार कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए। साथ ही अंतिम प्रकाशन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने रोल पर्यवेक्षक को एसआईआर- 2026 के तहत दावे व आपत्तियों और उनके निस्तारण, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों सहित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सेनी, तारानगर ईआरओ राजेंद्र कुमार, चूरू ईआरओ सुनील कुमार, रतनगढ़ ईआरओ मिथिलेश, सुजानगढ़ ईआरओ ओमप्रकाश वर्मा, सरदारशहर ईआरओ रामकुमार वर्मा, सादुलपुर ईआरओ मनोज खेमादा, एईआरओ अशोक गोरा सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बूथ का किया निरीक्षण, मतदाताओं से लिया फीडबैक

जनमानस शेखावाटी न्यूज़

**चूरू/मोहम्मद अली पठानः** जिला मुख्यालय परशेल पर्यवेक्षक ने चूरू शहर में बूथ संख्या 158 व 159 का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और बूथ पर पंजीकृत मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने बूथ पर मौजूद बीएलओ से एसआईआर-2026 के दौरान मतदाताओं से संपर्क, गणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण, जारी नोटिस तथा निस्तारण, मतदाताओं को आवश्यक फॉर्म आदि के बारे जागरूकता गतिविधियों को लेकर जानकारी ली।

बूथ पर मौजूद मतदाताओं से संवाद करते हुए रोल पर्यवेक्षक ने कहा कि बूथ पर पात्र मतदाता वोटर लिस्ट ने एक ही जगह नाम रखें। एसआईआर जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में सभी मतदाताओं और बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जरूरी दस्तावेजों के बारे में जागरूक रहें। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर जिला प्रशासन का सहयोग लें।

उन्होंने मतदाताओं से शादी की कारण या रोजगार के कारण शिफ्ट, मृत्यु या अन्य जगह नाम जुड़वाने के कारण नाम हटाने, दावे और आपत्तियों, नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर एसआईआर के दौरान बीएलओ व निर्वाचन मशीनरी द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया। इस



दौरान ? जमील चौहान, असलम खोखर, रमजान खान, नारायण बेनीवाल, नंदकिशोर मोजासिया, संजय भाटी, नोमान खान सहित उपस्थित सभी मतदाताओं ने एसआईआर में की गई गतिविधियों में उनकी समुचित भागीदारी के साथ संतुष्टि जाहिर की।

मतदाताओं ने व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक दिया और कहा कि एसआईआर के दौरान सभी गतिविधियों के बारे में समुचित प्रचार-प्रसार और जानकारी से पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया है। गणना प्रपत्र भरवाने, डिजिटाइजेशन आदि के बारे नियमित अपील आदि भी की गई। ईआरओ सुनील कुमार तथा उपस्थित बीएलओ ने बूथ पर मतदाताओं, उपलब्ध सुविधाओं, एसआईआर गतिविधियों की जानकारी दी।

विराट वैभव 06.02.2026

# एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता हो सुनिश्चित : मुथुकुमारसामी बी

**चूरू (विराट वैभव)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)-2026 को लेकर रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट (आपणी योजना) सभागार में एसआईआर-2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर तैयारियों को लेकर बैठक ली और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अंतिम प्रकाशन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने रोल पर्यवेक्षक को एसआईआर– 2026 के तहत दावे व आपत्तियों और उनके निस्तारण, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों सहित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

दै सामुदायिक प्रेषण 06.02.2026

# एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता हो सुनिश्चित : मुथुकुमारसामी बी

**रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी चूरू आए, एसआईआर– 2026 को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, मतदान केंद्र का किया निरीक्षण, मतदाताओं से लिया फीडबैक, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ रहे मौजूद**

सामुदायिक प्रेषण

**चूरू,** । भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)– 2026 को लेकर रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट (आपणी योजना) सभागार में एसआईआर– 2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर तैयारियों को लेकर बैठक ली और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर– 2026 के दौरान नियमानुसार कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा अपात्र



प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए। साथ ही अंतिम प्रकाशन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने रोल पर्यवेक्षक को एसआईआर– 2026 के तहत दावे व आपत्तियों और उनके निस्तारण, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों सहित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सेनी, तारानगर ईआरओ राजेंद्र कुमार, चूरू ईआरओ सुनील कुमार, रतनगढ़ ईआरओ मिथिलेश, सुजानगढ़ ईआरओ ओमप्रकाश वर्मा, सरदारशहर ईआरओ रामकुमार वर्मा, सादुलपुर ईआरओ मनोज खेमादा, एईआरओ अशोक गोरा सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रोल पर्यवेक्षक ने चूरू शहर में बूथ संख्या 158 व 159 का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और बूथ पर पंजीकृत मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने बूथ पर मौजूद बीएलओ से एसआईआर -2026 के दौरान मतदाताओं से संपर्क, गणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण, जारी नोटिस तथा निस्तारण, मतदाताओं को आवश्यक फॉर्म आदि के बारे जागरूकता गतिविधियों को लेकर जानकारी ली। बूथ पर मौजूद मतदाताओं से संवाद करते हुए रोल पर्यवेक्षक ने कहा कि बूथ पर पात्र मतदाता वोटर लिस्ट ने एक ही जगह नाम रखें। एसआईआर जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में सभी मतदाताओं और बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जरूरी दस्तावेजों के बारे में जागरूक रहें। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर जिला प्रशासन का सहयोग लें। उन्होंने मतदाताओं से शादी की कारण या रोजगार के कारण शिफ्ट, मृत्यु या अन्य जगह नाम जुड़वाने के कारण नाम हटाने, दावे और आपत्तियों, नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर एसआईआर के दौरान बीएलओ व निर्वाचन मशीनरी द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान असलम खोखर, रमजान खान, नारायण बेनीवाल, नंदकिशोर मोजासिया, संजय भाटी, नोमान खान सहित उपस्थित सभी मतदाताओं ने एसआईआर में की गई गतिविधियों में उनकी समुचित भागीदारी के साथ संतुष्टि जाहिर की।

जयपुर गुलाबी टाइम्स 06.02.2026

# एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता हो सुनिश्चितः मुथुकुमारसामी बी

जयपुर गुलाबी टाइम्स

चूरू (विद्याधर आजाद) भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)– 2026 को लेकर रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट (आपणी योजना) सभागार में एसआईआर– 2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर तैयारियों को लेकर बैठक ली और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर– 2026 के दौरान नियमानुसार कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए। साथ ही अंतिम प्रकाशन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः



पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने रोल पर्यवेक्षक को एसआईआर– 2026 के तहत दावे व आपत्तियों और उनके निस्तारण, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों सहित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सेनी, तारानगर ईआरओ राजेंद्र कुमार, चूरू ईआरओ सुनील कुमार, रतनगढ़ ईआरओ मिथिलेश, सुजानगढ़ ईआरओ ओमप्रकाश वर्मा, सरदारशहर ईआरओ रामकुमार वर्मा, सादुलपुर ईआरओ मनोज खेमादा, एईआरओ अशोक गोरा सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रोल पर्यवेक्षक ने चूरू शहर में बूथ संख्या 158 व 159 का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और बूथ पर पंजीकृत मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने बूथ पर मौजूद बीएलओ से एसआईआर -2026 के दौरान मतदाताओं से संपर्क, गणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण, जारी नोटिस तथा निस्तारण, मतदाताओं को आवश्यक फॉर्म आदि के बारे जागरूकता गतिविधियों को लेकर जानकारी ली। बूथ पर मौजूद मतदाताओं से संवाद करते हुए रोल पर्यवेक्षक ने कहा कि बूथ पर पात्र मतदाता वोटर लिस्ट ने एक ही जगह नाम रखें। एसआईआर जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में सभी मतदाताओं और बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जरूरी दस्तावेजों के बारे में जागरूक रहें। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर जिला प्रशासन का सहयोग लें। उन्होंने मतदाताओं से शादी की कारण या रोजगार के कारण शिफ्ट, मृत्यु या अन्य जगह नाम जुड़वाने के कारण नाम हटाने, दावे और आपत्तियों, नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर एसआईआर के दौरान बीएलओ व निर्वाचन मशीनरी द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान असलम खोखर, रमजान खान, नारायण बेनीवाल, नंदकिशोर मोजासिया, संजय भाटी, नोमान खान सहित उपस्थित सभी मतदाताओं ने एसआईआर में की गई गतिविधियों में उनकी समुचित भागीदारी के साथ संतुष्टि जाहिर की। मतदाताओं ने व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक दिया और कहा कि एसआईआर के दौरान सभी गतिविधियों के बारे में समुचित प्रचार - प्रसार और जानकारी से पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया है। गणना प्रपत्र भरवाने, डिजिटाइजेशन आदि के बारे नियमित अपील आदि भी की गई। ईआरओ सुनील कुमार तथा उपस्थित बीएलओ ने बूथ पर मतदाताओं, उपलब्ध सुविधाओं, एसआईआर गतिविधियों की जानकारी दी।

हमारा गगन 06.02.2026

# एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता हो सुनिश्चित : मुथुकुमारसामी बी

## रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी चूरू आए, एसआईआर- 2026 को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, मतदान केंद्र का किया निरीक्षण, मतदाताओं से लिया फीडबैक,

### जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ रहे मौजूद









हमारा गगन

**चूरू।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)- 2026 को लेकर रोल पर्यवेक्षक मुथुकुमारसामी बी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट (आपणी योजना) सभागार में एसआईआर- 2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर तैयारियों को लेकर बैठक ली और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर- 2026 के दौरान नियमानुसार कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए। साथ ही अंतिम प्रकाशन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने रोल पर्यवेक्षक को एसआईआर-2026 के तहत दावे व आपत्तियों और उनके निस्तारण, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों सहित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सैनी, तारानगर ईआरओ राजेंद्र कुमार, चूरू ईआरओ सुनील कुमार, रतनगढ़ ईआरओ मिथिलेश, सुजानगढ़ ईआरओ ओमप्रकाश वर्मा, सरदारशहर ईआरओ रामकुमार वर्मा, सादुलपुर ईआरओ मनोज खेमादा, एईआरओ अशोक गोरा सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बूथ का किया निरीक्षण, मतदाताओं से लिया फीडबैक

रोल पर्यवेक्षक ने चूरू शहर में बूथ संख्या 158 व 159 का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और बूथ पर पंजीकृत मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने बूथ पर मौजूद बीएलओ से एसआईआर -2026 के दौरान मतदाताओं से संपर्क, गणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण, जारी नोटिस तथा निस्तारण, मतदाताओं को आवश्यक फॉर्म आदि के बारे जागरूकता गतिविधियों को लेकर जानकारी ली।

बूथ पर मौजूद मतदाताओं से संवाद करते हुए रोल पर्यवेक्षक ने कहा कि बूथ पर पात्र मतदाता वोटर लिस्ट ने एक ही जगह नाम रखें। एसआईआर जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में सभी मतदाताओं और बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जरूरी दस्तावेजों के बारे में जागरूक रहें। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर जिला प्रशासन का सहयोग लें।

उन्होंने मतदाताओं से शादी की कारण या रोजगार के कारण शिफ्ट, मृत्यु या अन्य जगह नाम जुड़वाने के कारण नाम हटाने, दावे और आपत्तियों, नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर एसआईआर के दौरान बीएलओ व निर्वाचन मशीनरी द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान असलम खोखर, रमजान खान, नारायण बेनीवाल, नंदकिशोर मोजासिया, संजय भाटी, नोमान खान सहित उपस्थित सभी मतदाताओं ने एसआईआर में की गई गतिविधियों में उनकी समुचित भागीदारी के साथ संतुष्टि जाहिर की। मतदाताओं ने व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक दिया और कहा कि एसआईआर के दौरान सभी गतिविधियों के बारे में समुचित प्रचार - प्रसार और जानकारी से पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया है। गणना प्रपत्र भरवाने, डिजिटाइजेशन आदि के बारे नियमित अपील आदि भी की गई। ईआरओ सुनील कुमार तथा उपस्थित बीएलओ ने बूथ पर मतदाताओं, उपलब्ध सुविधाओं, एसआईआर गतिविधियों की जानकारी दी।

# आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय पर्यवेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा ब्रीफिंग

हमारा गगन

**चूरू / नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने आज असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आगामी आम चुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस एवं व्यय पर्यवेक्षकों (Central Observers) के लिए ब्रीफिंग बैठक आयोजित की।

ब्रीफिंग बैठकों के लिए कुल 1,444 अधिकारियों को बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये बैठकें 5 और 6 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली स्थित IIIDEM में दो दिनों में तीन चरणों में आयोजित की जा रही हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें ब्रीफ किया।

पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि उन्हें आयोग के प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करें तथा उनकी उपस्थिति 824 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मशीनरी को सशक्त और सक्रिय बनाएगी।

निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में कार्यरत चुनाव अधिकारियों के लिए मित्र, मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका निभाएं। उनके आगमन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा वे सुलभ रहें, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का त्वरित निवारण हो और पक्षपात की कोई धारणा भी उत्पन्न न हो। निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षक आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें तथा निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मतदाता सूचना पर्ची (VIS) समय पर वितरित की जाए, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ शंकाओं के समाधान हेतु संवाद सत्र भी आयोजित किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें मतदाता सूची तैयार करने तथा पाँचों राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव संचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

सत्रों के दौरान पर्यवेक्षकों को आईटी अनुप्रयोगों, विभिन्न प्लेटफॉर्म और मीडिया से संबंधित विषयों पर भी जानकारी दी गई।

आयोग की आँख और कान के रूप में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को सभी चुनावी कानूनों, नियमों और दिशा-निर्देशों से भली-भांति परिचित रहने तथा आयोग को सीधे सुझाव/इनपुट देने के निर्देश दिए गए, ताकि उनका सख्ती और निष्पक्षता से पालन सुनिश्चित हो सके।

पर्यवेक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए पूरी तरह सुलभ रहें तथा मतदाताओं की शिकायतों का समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करें।

उन्हें मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा हाल ही में शुरू की गई पहलों, विशेषकर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (AMFs) के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

आयोग, संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20B के तहत प्राप्त अपने पूर्ण अधिकारों के आधार पर केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करता है, ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए जा सकें और जमीनी स्तर पर चुनाव प्रक्रिया के प्रभावी प्रबंधन की निगरानी की जा सके।

# बालोतरा: मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




**बालोतरा/नवज्योति।** मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत बालोतरा जिले के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करना तथा उन्हें जिम्मेदार और जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

गुरुवार को जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होडू, गोदावास कला, गोल स्टेशन, समदड़ों का तला, भीमगोडा, बायतु एवं कमठाई में मतदाता साक्षरता उत्सव के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें निर्वाचन साक्षरता पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव एवं मतदाता की भूमिका से जुड़े विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य भी है। वक्ताओं ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण, अग्रिम पंजीकरण आवेदन एवं मतदाता विवरण संशोधन की प्रक्रिया का हैंड्स-ऑन प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर फॉर्म-6 (नया मतदाता पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (मतदाता विवरण संशोधन) से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




मरुलहर न्यूज



बालोतरा। मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत बालोतरा जिले के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करना तथा उन्हें जिम्मेदार और जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना रहा। गुरुवार को जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होड़ू, गोदावास कला, गोल स्टेशन, समदड़ों का तला, भीमगोडा, बायतु एवं कमठाई में मतदाता साक्षरता उत्सव के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें निर्वाचन साक्षरता पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव एवं मतदाता की भूमिका से जुड़े विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य भी है। वक्ताओं ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण, अग्रिम पंजीकरण आवेदन एवं मतदाता विवरण संशोधन की प्रक्रिया का हैंड्स-ऑन प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर फॉर्म-6 (नया मतदाता पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (मतदाता विवरण संशोधन) से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न ऑनलाइन एप्स एवं पोर्टल्स के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं-जैसे मतदाता सूची में नाम जांच, मतदान केंद्र की जानकारी, शिकायत दर्ज करना एवं अन्य निर्वाचन संबंधी सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

# आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय पर्यवेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा ब्रीफिंग

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** भारत निर्वाचन आयोग ने आज असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आगामी आम चुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस एवं व्यय पर्यवेक्षकों (ब्मदजतंस व्इेमतअमते) के लिए ब्रीफिंग बैठक आयोजित की। ब्रीफिंग बैठकों के लिए कुल 1,444 अधिकारियों को बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये बैठकें 5 और 6 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली स्थित प्प्प्क्म्ड में दो दिनों में तीन चरणों में आयोजित की जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें ब्रीफ किया। पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि उन्हें आयोग के प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करें तथा उनकी उपस्थिति 824 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मशीनरी को सशक्त और सक्रिय बनाएगी। निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में कार्यरत चुनाव अधिकारियों के लिए मित्र, मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका निभाएं। उनके आगमन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा वे सुलभ रहें, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का त्वरित निवारण हो और पक्षपात की कोई धारणा भी उत्पन्न न हो। निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षक आयोग के निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें तथा निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मतदाता सूचना पर्ची समय पर वितरित की जाए, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ शंकाओं के समाधान हेतु संवाद सत्र भी आयोजित किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें मतदाता सूची तैयार करने तथा पाँचों राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव संचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

# मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन







# ऑनलाइन एप्स एवं पोर्टल्स से मिलने वाली सुविधाओं की दी गई विस्तृत जानकारी




मरुमंच न्यूज

बालोतरा। मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत बालोतरा जिले के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करना तथा उन्हें जिम्मेदार और जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना रहा। गुरुवार को जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होडू, गेंदावास कला, पीत स्टेशन, सनावड़ों का तला, भीमगोड़ा, कानपु एवं कलावाई में मतदाता साक्षरता उत्सव के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें निर्वाचन साक्षरता पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए



लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव एवं मतदाता की भूमिका से जुड़े विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य भी है। वक्ताओं ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण, अग्रिम पंजीकरण आवेदन एवं मतदाता विवरण संशोधन की प्रक्रिया का हैंड्स-ऑन प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर फॉर्म-6 (नया मतदाता पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (मतदाता विवरण संशोधन) से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न ऑनलाइन एप्स एवं पोर्टल्स के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं-जैसे मतदाता सूची में नाम जांच, मतदान केंद्र की जानकारी, शिकायत दर्ज करना एवं अन्य निर्वाचन संबंधी सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

# मतदाता साक्षरता महोत्सव का आयोजन

## विद्यार्थियों को किया मतदाता बनने के लिए प्रेरित

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** वीर नारायण परमार राजकीय महाविद्यालय सिवाना एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय सिवाना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मतदाता जागरूकता को लेकर मतदाता साक्षरता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं अधिक से अधिक मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में नोडल प्राचार्य महेन्द्र गिरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सभी मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जागरूक और जिम्मेदार मतदाता आवश्यक हैं। स्वीप प्रभारी महेन्द्र सिंह रावत ने मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए युवाओं को वोटर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न चरणों एवं आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा भी मतदाता प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया गया। मीठालाल ने संवैधानिक अधिकारों एवं वयस्क मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि रविंद्र सिंह भाटी ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी। सतार खान ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और विक्रम पटेल ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बताते हुए युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। महोत्सव के दौरान छात्राओं ने अपने फर्स्ट टाइम वोटर अनुभव साझा किए और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपने विचार रखे, जिससे कार्यक्रम और भी प्रेरक बना।

कार्यक्रम में श्रवण कुमार, आनंद दवे, डॉ. पीयूष कुमार, मदन लाल, दिनेश कुमार, योगेश देवड़ा सहित महाविद्यालय के कार्मिक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय पर्यवेक्षकों की दो दिवसीय ब्रीफिंग

## पाँच राज्यों में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने पर निर्वाचन आयोग का जोर

**नमस्कार नेशन**

**बालोतरा।** भारत निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र तैनात किए जाने वाले केंद्रीय पर्यवेक्षकों के लिए ब्रीफिंग बैठक आयोजित की। इस दौरान सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों को चुनावी दायित्वों, नियमों और आयोग की अपेक्षाओं से अवगत कराया गया। आयोग द्वारा आयोजित इन ब्रीफिंग बैठकों में कुल 1,444 अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें 714 सामान्य, 233 पुलिस और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये बैठकें 5 व 6 फरवरी को नई दिल्ली में दो दिनों के दौरान तीन चरणों में आयोजित की जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आयोग के प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। उनकी उपस्थिति 824 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मशीनरी को सशक्त बनाएगी और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी। निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने निर्देश दिए कि पर्यवेक्षक क्षेत्र में कार्यरत चुनाव अधिकारियों के लिए मित्र, मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका निभाएं। साथ ही, उनके आगमन का व्यापक प्रचार-प्रसार हो तथा वे मतदाताओं और राजनीतिक दलों के लिए सहज रूप से सुलभ रहें, जिससे शिकायतों का समयबद्ध निवारण हो सके। निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने पर्यवेक्षकों से आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने और निष्पक्षता के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने मतदाता सूचना पर्ची समय पर वितरित कराने तथा मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। ब्रीफिंग के दौरान पर्यवेक्षकों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए, जिनमें मतदाता सूची तैयार करने, आईटी अनुप्रयोगों, मीडिया प्रबंधन और चुनाव संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। आयोग ने पर्यवेक्षकों को चुनावी कानूनों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने तथा जमीनी स्तर से आयोग को प्रत्यक्ष इनपुट देने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 एवं जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करता है, ताकि चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए जा सकें।

# मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत विद्यालयों में लोकतंत्र का पाठ

## प्रतियोगिताओं व ऑनलाइन प्रक्रियाओं से विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नमस्कार नेशन**



**बालोतरा।** मतदाता साक्षरता उत्सव के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना और उन्हें जिम्मेदार व जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना रहा। जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होडू, गोदावास कला, गोल स्टेशन, समदड़ी का तला, भीमगोडा, बायतु एवं कमठाई में निर्वाचन साक्षरता पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव और मतदाता की भूमिका से जुड़े विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण नागरिक दायित्व भी है। वक्ताओं ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण, अग्रिम पंजीकरण तथा मतदाता विवरण संशोधन की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न ऑनलाइन एप्स एवं पोर्टल्स के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं- मतदाता सूची में नाम जांच, मतदान केंद्र की जानकारी, शिकायत दर्ज करने सहित अन्य निर्वाचन सेवाओं से भी उपस्थितजनों को अवगत कराया गया।

# मतदाता साक्षरता महोत्सव में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति किया प्रेरित

**सहकार समाचार, बालोतरा।**

वीर नारायण परमार राजकीय महाविद्यालय सिवाना एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय सिवाना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मतदाता जागरूकता को लेकर मतदाता साक्षरता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं अधिक से अधिक मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम में नोडल प्राचार्य महेन्द्र गिरी ने निर्वाचन प्रक्रिया में सभी मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जागरूक और जिम्मेदार मतदाता आवश्यक हैं। स्वीप प्रभारी महेन्द्र सिंह रावत ने मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए युवाओं को वोटर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न चरणों एवं आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा भी मतदाता प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया गया। मीठालाल ने संवैधानिक अधिकारों एवं वयस्क मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि रविंद्र सिंह भाटी ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी। सतार खान ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और विक्रम पटेल ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बताते हुए युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। महोत्सव के दौरान छात्राओं ने अपने फर्स्ट टाइम वोटर अनुभव साझा किए और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपने विचार रखे, जिससे कार्यक्रम और भी प्रेरक बना। कार्यक्रम में श्रवण कुमार, आनंद दवे, डॉ. पीयूष कुमार, मदन लाल, दिनेश कुमार, योगेश देवड़ा सहित महाविद्यालय के कार्मिक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित :**

मतदाता साक्षरता उत्सव के तहत बालोतरा जिले के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करना तथा उन्हें जिम्मेदार और जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना रहा। गुरुवार को जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होडू, गोदावास कला, गोल स्टेशन, समदड़ों का तला, भीमगोडा, बायतु एवं कमठाई में मतदाता साक्षरता उत्सव के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें निर्वाचन साक्षरता पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव एवं मतदाता की भूमिका से जुड़े विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य भी है। वक्ताओं ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण, अग्रिम पंजीकरण आवेदन एवं मतदाता विवरण संशोधन की प्रक्रिया का हैंड्स-ऑन प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न ऑनलाइन एप्स एवं पोर्टल्स के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं-जैसे मतदाता सूची में नाम जांच, मतदान केंद्र की जानकारी, शिकायत दर्ज करना एवं अन्य निर्वाचन संबंधी सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

## चुनावी साक्षरता महोत्सव आयोजित

# कार्यक्रम में फर्स्ट टाइम वोटर ने साझा किए अपने अनुभव



सिवाना मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम आयोजित।

**सिवाना @ पत्रिका.** वीर नारायण परमार राजकीय महाविद्यालय सिवाना एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय सिवाना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मतदाता जागरूकता को लेकर चुनावी साक्षरता महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नोडल प्राचार्य महेन्द्रगिरि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सभी मतदाताओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया। स्वीप प्रभारी महेन्द्रसिंह रावत ने मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। मीठालाल ने संवैधानिक अधिकारों एवं वयस्क मताधिकार पर प्रकाश डाला।रविंद्रसिंह भाटी ने विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी दी, जबकि सतार खान ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विक्रम पटेल ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बताया। इस दौरान अध्यापकों ने मतदाता प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। महोत्सव के दौरान छात्राओं ने फर्स्ट टाइम वोटर के अपने अनुभव साझा किए तथा अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्रवण कुमार, आनंद दवे, डॉ. पीयूष कुमार, मदनलाल, दिनेश कुमार, योगेश देवड़ा सहित कार्मिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ईएलसी की गतिविधियां आयोजित

**सिवाना** | राउमावि मालियों का बेरा भीमगोडा में निर्वाचन साक्षरता क्लब की गतिविधियां आयोजित हुई। ईएलसी प्रभारी एवं स्टेट अवॉर्डी ओम प्रकाश कड़वासरा ने बताया की ईएलसी गतिविधियों के तहत रंगोली, मेहंदी, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इसमें कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्राचार्य भावना ने बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लब के तहत छात्रों को रोचक गतिविधियों व व्यावहारिक अनुभव में संलग्न करते हुए उन्हें उनके चुनावी अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने व निर्वाचन के मूलभूत तत्वों जैसे मतदाता सूची में पंजीकरण व मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया।

# विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर




कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं।

**सिवाना @ पत्रिका.** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालियों का बेरा भीमगोडा में गुरुवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

ईएलसी प्रभारी ओमप्रकाश कडवासरा ने बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लब की गतिविधियों के तहत रंगोली, मेहंदी, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य भावना ने बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को रोचक गतिविधियों एवं व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ते हुए उनके चुनावी अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाया गया। साथ ही छात्रों को निर्वाचन के मूलभूत तत्वों, जैसे मतदाता सूची में पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।